विपणन व प्रचार विभाग,
प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजीनगर, पुणे - 411 005
020- 25614366
cmmedia@mahabank.co.in; media@mahabank.co.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

**06.07.2020**

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एमसीएलआर को 20 आधार अंक (बीपीएस) घटाया

**पुणे**, **7 जुलाई**, **2020**: देश के एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अपनी निधियों के सीमांत लागत आधारित उधारी दरों (एमसीएलआर) को लगातार चौथे माह घटाया है।

7 जुलाई, 2020 से सभी अवधियों पर एमसीएलआर दर को मौजूदा स्तर से 20 बीपीएस कम कर दिया गया है। बैंक की ओवरनाइट, एक महीने और तीन महीने की एमसीएलआर को इन अवधियों के लिए 7.00% (7.20% से), 7.10% (7.30% से) और 7.20% (7.40% से) तक घटा दिया गया है। छह महीने के लिए, एमसीएलआर दरों को संशोधित कर 7.30% (7.50% से घटाकर) और एक वर्ष एमसीएलआर को 7.50% (7.70% से घटाकर) कर दिया गया है।

बैंक की एमसीएलआर में कमी का उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और औद्योगिक विकास का समर्थन करना है।